Dainik Bhaskar_2 November 2019 (Page 4-Patiala)

पटियाला में 2157 विद्यार्थियों को बांटी डिग्री

Patiala News - **थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) का 33वां कन्वोकेशन आज आयोजित किया गया। इसमें वर्जीनिया...**

Bhaskar News Network | Nov 02, 2019, 07:20 AM IST

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) का 33वां कन्वोकेशन आज आयोजित किया गया। इसमें वर्जीनिया टेक के प्रोवोस्ट सिरिल क्लार्क गेस्ट ऑफ ऑनर थे। वेटेरिनेरियन, क्लिनिकल फार्मेकोलॉजिस्ट, टीचर, रिसर्चर एवं एकेडमिक लीडर, डॉ. क्लार्क एग्जिक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रोवोस्ट हैं। कन्वोकेशन में ग्रेजुएट होने वाले विद्यार्थियों को 2157 डिग्री वितरित की गईं। इसमें 83 पीएचडी डिग्री, 640 मास्टर्स इन इंजीनियरिंग, साइंस, ह्यूमिनिटी एवं मैनेजमेंट की डिग्री व 1434 इंजीनियरिंग में बैचलर की डिग्री शामिल हैं।

इन विद्यार्थियों को मिले अवार्ड | इस दौरान मेडल विजेताओं में कनिष्क अग्रवाल को सर्वाधिक सीजीपीए के लिए प्रेसिडेंट का मैडल, केशव गोयल को सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए एस रनबीर सिंह मेमोरियल मेडल दिया गया। अर्शजोत कौर को प्रोफेसर वी. राजा रमन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग अवार्ड एवं कनिष्क अग्रवाल को एसरामएस सिद्धू मेमोरियल मेडल दिया गया। विनोद के लूथरा को डिस्टिंग्विश एलुमनस अवार्ड मिला। प्रोफेसर प्रकाश गोपालन डायरेक्टर, टीआई ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।